भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4483
दिनांक 19 मार्च, 2026

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में एलपीजी सिलेंडरों की कमी

†4483. **श्री बिष्णु पद रायः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों जैसे गुप्तापाड़ा, वांडूर, फेरारगंज तहसील, श्री विजयपुरम तहसील का डेयरी फार्म क्षेत्र, कार निकोबार और कैंपबेल बे आदि में एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त क्षेत्रों में एलपीजी सिलेंडरों की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को पाटने और शिकायतों के निवारण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार का निर्धारित मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त पूर्ण-कुशल एलपीजी वितरकों की नियुक्ति किए जाने और सभी द्वीपों में एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन के लिए नियत समय-सीमा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने सूचित किया है कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में घरेलू एलपीजी आपूर्ति मुख्यत: आईओसीएल द्वारा प्रबंधित की जाती है। पोर्ट ब्लेयर स्थित आईओसीएल एलपीजी भरण संयंत्र द्वारा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के सभी वितरकों को एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज़) द्वारा एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की नियुक्ति एक निरंतर प्रक्रिया है और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को स्थापित करने के लिए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए एकीकृत चयन दिशानिर्देशों (यूएसजी)-2016 के अनुसार स्थानों की पहचान और विज्ञप्ति की जाती है। वर्तमान में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में 10 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर प्रचालन कर रहे हैं। वर्तमान में प्रचालित एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप का ब्यौरा अनुलग्नक-क में दिया गया है।

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में गुप्तापारा, वंदूर, फेरारगंज और डेयरी फार्म क्षेत्र में मेसर्स प्रिया इंडेन द्वारा सेवा प्रदान की जाती है। इसके अलावा, मायाबंदर, नील, हेवलॉक, हटबे, कार निकोबार और कैम्पबेल में मेसर्स कंज़्यूमर्स' कोआपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड द्वारा सेवा प्रदान की जाती है।

चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2025-फरवरी 2026) के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में औसत रिफिल डिलीवरी समय एक दिन से कम रहा है। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में कुल घरेलू एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से फरवरी 2025) में 12,125 एमटी से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025-फरवरी 2026) में 12,698 एमटी हो गई है।

*****

अनुलग्नक-क

'अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में एलपीजी सिलेंडरों की कमी' के संबंध में श्री बिष्णु पद राय द्वारा दिनांक 19.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4483 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में वर्तमान में कार्यरत एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप का ब्यौरा

क्रम सं.	**डिस्ट्रीब्यूटरशिप का नाम**	**जिला**
1	एम्फीबियन गैस एजेंसी	दक्षिण अंडमान
2	असमानी इंडेन सर्विस	उत्तर एवं मध्य अंडमान
3	जी.के. इंडेन सर्विस	दक्षिण अंडमान
4	आइडियल इंडेन	उत्तर एवं मध्य अंडमान
5	नवल इंडेन	दक्षिण अंडमान
6	प्रिया इंडेन	दक्षिण अंडमान
7	रीम इंडेन सर्विस	दक्षिण अंडमान
8	द कंज्यूमर्स को-ऑप. स्टोर्स लिमिटेड	दक्षिण अंडमान
9	ट्राइबल डेवलपमेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी	निकोबार
10	बैम्बूफ्लैट इंडेन ग्रामीण वितरक	दक्षिण अंडमान

स्रोत: पीएसयू ओएमसीज की ओर से आईओसीएल